शूटिंग : भोपाल शूटिंग रेंज के शूटर्स ने जीते कुल 8 मेडल

# क्षितिज ने गोल्ड समेत चार मेडल जीते, अमैया कौर ने लगाया गोल्ड पर निशाना

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

भोपाल शूटिंग रेंज अकादमी के प्रतिभाशाली निशानेबाज क्षितिज गौर ने महू में आयोजित स्टेट लेवल शूटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड समेत चार मेडल जीते। जबकि अमैया कौर ने टीम इवेंट में गोल्ड जीता। यह दानों शूटर लालघाटी, बैरागढ़ स्थित भोपाल शूटिंग रेंज में आईएसएसएफ कोच ऋषि सोनी से ट्रेनिंग ले रहे हैं। अमैया कौर और आयुषी कौर अरोरा ने टीम इवेंट गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके अलावा अमैया ने इंडिविजुअल में ब्रॉन्ज मेडल भी अपने नाम किया। सुनीत कौर ने इंडिविजुअल में सिल्वर मेडल हासिल किया। जबकि अर्सलान अर्शद ने ब्रॉन्ज जीता। क्षितिज गौर का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। उन्होंने कुल 4 मेडल जीते, जिसमें 1 गोल्ड, 1



अमैया अरोरा



क्षितिज गौर

सिल्वर इंडिविजुअल और रायफल टीम इवेंट में 1 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज शामिल हैं। रेंज के भावेश शर्मा, रजत खिरवडकर, झन्वी कौशिक, अहमद परवेज़ पेरिया, और सोनू राजपूत ने प्री-नेशनल इवेंट के लिए क्वालिफाई किया है। वहीं मोहित पुरी, दुष्यंत सिकरवार, एकलव्य सोनी, अंकित शर्मा, प्रगति दयारमानी और अनादी दयारमानी ने इंडिया ओपन इवेंट में जगह बनाई है।